## कार्यपत्र-17

**1. दिए गए वाक्यों का उचित वाक्य-भेद चुनिए।**

(क) वह आज स्कूल नहीं जाएगा। (iii) निषेधवाचक वाक्य ✓

(ख) तुम यहाँ क्या कर रहे हो? (ii) प्रश्नवाचक वाक्य ✓

(ग) यदि तुम आए तो हम साथ में खाना खाएँगे। (i) संकेतवाचक वाक्य ✓

(घ) माला खा रही है और दिव्या पढ़ रही है। (iii) संयुक्त वाक्य ✓

(ङ) पिता जी ने कहा कि वह आज घर नहीं आएँगे। (i) मिश्रित वाक्य ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) सार्थक शब्दों का वह समूह जो कथन के पूर्ण अर्थ तथा भाव को अभिव्यक्त करे, वाक्य कहलाता है।
जैसे– पारुल पढ़ रही है।

(ख) जिन वाक्यों में संदेह या संभावना का अर्थ प्रकट हो, वे संदेहवाचक वाक्य कहलाते हैं। जैसे– शायद आज हम घूमने जाएँ।

(ग) अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं–

1. विधानवाचक वाक्य
2. निषेधवाचक या नकारात्मक वाक्य
3. प्रश्नवाचक वाक्य
4. संकेतवाचक वाक्य
5. संदेहवाचक वाक्य
6. इच्छावाचक वाक्य
7. आज्ञावाचक वाक्य
8. विस्मयादिवाचक वाक्य

(घ) दो या दो से अधिक उपवाक्य जो किसी समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हों, संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। जिस वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य हों तथा जिनमें से एक मुख्य उपवाक्य हो और अन्य उस पर आश्रित गौण उपवाक्य हों, उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए।**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| (क) वह खेलकर अभी आया है। | वह | खेलकर अभी आया है। |
| (ख) मेरा मित्र तेज दौड़ता है। | मेरा मित्र | तेज दौड़ता है। |
| (ग) उसकी माता जी बाजार गई हैं। | उसकी माता जी | बाजार गई हैं। |
| (घ) काला घोड़ा घास चर रहा है। | काला घोड़ा | घास चर रहा है। |
| (ङ) लंबे बालों वाली लड़की कौन है? | लंबे बालों वाली लड़की | कौन है? |

**4. वाक्य के सामने सही (✓) या गलत (✗) का चिह्न लगाइए।**

(क) वाक्य में शब्द नहीं पद होते हैं। ✓

(ख) वाक्य में उद्देश्य नहीं केवल विधेय होता है। ✗

(ग) रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं। ✓

(घ) इच्छावाचक और आज्ञावाचक वाक्य में कोई अंतर नहीं होता। ✗

(ङ) मिश्रित वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य होते हैं। ✓

(च) संयुक्त वाक्य में दो वाक्य या अधिक उपवाक्य क्रियाविशेषण से जुड़े होते हैं। ✗

**5. निम्नलिखित वाक्यों का अर्थ के आधार पर भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) तुम यहाँ से चले जाओ। | आज्ञावाचक वाक्य |
| (ख) वाह! तुमने तो कमाल कर दिया। | विस्मयादिवाचक वाक्य |
| (ग) शायद हम कल घूमने जाएँ। | संदेहवाचक वाक्य |
| (घ) वह अपनी पुस्तक नहीं देगा। | निषेधवाचक वाक्य |